# विषय:राजनीति विज्ञान (028) प्रश्न पत्र कोड :59/S/1

# अंकन योजना
# अत्यंत गोपनीय-केवल
# आंतरिक एवं सीमित प्रयोग हेतू

## सीनियर सेकेंडरी स्कूल ,पूरक परीक्षा,2025



## विषय:राजनीति विज्ञान (028) प्रश्न पत्र कोड :59/S/1



**सामान्य निर्देश :-**

1. आप जानते हैं कि परीक्षार्थियों के सही और उचित आकलनके लिए उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। मूल्यांकन में एक छोटी-सी भूल भी गंभीर समस्या को जन्म दे सकती है जो परीक्षार्थियों के भविष्य, शिक्षा प्रणाली और अध्यापन-व्यवस्था को भी प्रभावित कर सकती है। इससे बचने के लिए अनुरोध किया जाता है कि मूल्यांकन प्रारंभ करने से पूर्व ही आप मूल्यांकन निर्देशों को **पढ़ और समझ** लें।
2. मूल्यांकननीति एक गोपनीय नीति है क्योंकि यह आयोजित परीक्षाओं की गोपनीयता, किये गए मुल्यांकन तथा कई अन्य पहलुओं से सम्बंधित है | इसका किसी भी तरह से सार्वजनिक रूप से लीक होना परीक्षा प्रणाली के पटरी से उतरने का करण बन सकता है और लाखों परीक्षार्थियों के जीवन और भविष्य को प्रभावित कर सकता है | इस नीति /दस्तावेज को किसी को भी साँझा करना, किसी पत्रिका में प्रकाशित करना और समाचार पत्र/वेबसाइट आदि में छापना IPC के तहत कारवाही को आमंत्रित कर सकता है |
3. मूल्यांकन अंक-योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही किया जाना चाहिए, अपनी व्यक्तिगत व्याख्या या किसी अन्य धारणा के अनुसार नहीं। यह अनिवार्य है कि अंक-योजना का अनुपालन पूरी तरह और निष्ठापूर्वक किया जाए। **हालाँकि, मूल्यांकन करते समय नवीनतम सूचना और ज्ञान पर आधारित अथवा नवाचार पर आधारित उत्तरों को उनकी सत्यता और उपयुक्तता को परखते हुए पूरे अंक** दिए जाएँ।
4. अंक योजना में अंकों के लिए केवल मूल्य बिंदु सुझाए गए हैं। यह केवल दिशा निर्देश है और संपूर्ण उत्तर को नहीं दर्शाते हैं। उत्तरों के लिए विद्यार्थियों की अपनी अभिव्यक्ति हो सकती है। यदि अभिव्यक्ति सही है तो उसके अनुसार ही अंक दिए जाने चाहिए।
5. मुख्य परीक्षक प्रत्येक मूल्यांकन कर्ता के द्वारा पहले दिन जाँची गई पाँच उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की जाँच ध्यानपूर्वक करें और आश्वस्त हों कि मूल्यांकन- अंक योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही मूल्यांकन किया जा रहा है। परीक्षकों को बाकी उत्तर पुस्तिकाएँ तभी दी जाएँ जब वह आश्वस्त हो कि उनके अंकन में कोई भिन्नता नहीं है।
6. परीक्षक सही उत्तर पर सही का निशान (√)लगाएँ और गलत उत्तर पर गलत का (×)। मूल्यांकन-कर्ता द्वाराऐसा चिह्न न लगाने से ऐसा समझ में आता है कि उत्तर सही है परंतु उस पर अंक नहीं दिए गए। परीक्षकों द्वारा यह भूल सर्वाधिक की जाती है।
7. यदि किसी प्रश्न का उपभाग तो कृपया प्रश्नों के उपभागों के उत्तरों पर **दायीं ओर** अंक दिए जाएँ। बाद में इनउपभागों के अंकों का योग **बायींओर** के हाशिये में लिखकर उसे गोलाकृत कर दिया जाए। **इसका अनुपालन दृढ़तापूर्वक किया जाए।**
8. यदि किसी प्रश्न का कोई उपभाग न हो तो बायींओर के हाशिये में अंक दिए जाएँ और उन्हें गोलाकृत किया जाए। इसके अनुपालन में भी दृढ़ता बरती जाए।

9. यदि परीक्षार्थी ने किसी प्रश्न का उत्तर दो स्थानों पर लिख दिया है और किसी को काटा नहीं है तो जिस उत्तर पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों, उस पर अंक दें और दूसरे को काट दें। यदि परीक्षार्थी ने अतिरिक्त प्रश्न/प्रश्नों का उत्तर दे दिया है तो जिन उत्तरों पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों उन्हें ही स्वीकार करें/ उन्हीं पर अंक दें।
10. एक ही प्रकार की अशुद्धि बार-बार हो तो उसे अनदेखा करें और उस पर अंक न काटे जाएँ।
11. यहाँ यह ध्यान रखना होगा कि मूल्यांकन में संपूर्ण **80अंक** जैसा कि प्रशन पत्र में दिया गया है का प्रयोग अभीष्ट है अर्थात परीक्षार्थी ने यदि सभी अपेक्षित उत्तर-बिंदुओं का उल्लेख किया है तो उसे पूरे अंक देने में संकोच न करें।
12. प्रत्येक परीक्षक को पूर्ण कार्य-अवधि में अर्थात 8 घंटे प्रतिदिन अनिवार्य रूप से मूल्यांकन कार्य करना है और प्रतिदिन मुख्य विषयों की **20** उत्तर-पुस्तिकाएँ तथा अन्य विषयों की 25 उत्तर पुस्तिकाएँ जाँचनी हैं। (विस्तृत विवरण 'स्पॉट गाइडलाइन' में दिया गया है)
13. यह सुनिश्चित करें कि आप निम्नलिखित प्रकार की त्रुटियाँ न दोहराएं जो पिछले वर्षों में की जाती रही हैं –

- उत्तर पुस्तिका में किसी उत्तर या उत्तर के अंश को जाँचे बिना छोड़ देना।
- उत्तर के लिए निर्धारित अंकों से अधिक अंक देना।
- दिए गए अंकों का योग ठीक न होना।
- उत्तर पुस्तिका के अंदर दिए गए अंकों का आवरण पृष्ठ पर सही अंतरण न होना।
- आवरण पृष्ठ पर प्रश्नानुसार योग करने में अशुद्धि।
- योग करने में अंकों और शब्द में अंतर होना।
- उत्तर पुस्तिकाओं से ऑनलाइन अंकसूची में सही अंतरण न होना।
- कुल अंकों के योग में अशुद्धि
- उत्तरों पर सही का चिह्न ( ✓ ) लगाना किंतु अंक न देना। सुनिश्चित करें कि ( ✓) या (×) का उपयुक्त निशान ठीक ढंग से और स्पष्ट रूप से लगा हो। यह मात्र एक रेखा के रूप में न हो)
- उत्तर का एक भाग सही और दूसरा गलत हो किंतु अंक न दिए गए हों।

14. उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करते हुए यदि कोई उत्तर पूर्ण रूप से गलत हो तो उस पर (x) निशान लगाएँ और शून्य (0) अंक दें।
15. उत्तर पुस्तिका में किसी प्रश्न का बिना जाँचे हुए छूट जाना या योग में किसी भूल का पता लगना,मूल्यांकन कार्य में लगे सभी लोगों की छवि को और बोर्ड की प्रतिष्ठा को धूमिल करता है।
16. सभी परीक्षक वास्तविक मूल्यांकन कार्य से पहले 'स्पॉट इवैल्यूएशन' के निर्देशों से सुपरिचित हो जाएँ।
17. प्रत्येक परीक्षक सुनिश्चित करे कि सभी उत्तरों का मूल्यांकन हुआ है, आवरण पृष्ठ पर तथा योग में कोई अशुद्धि नहीं रह गई है तथा कुल योग को शब्दों और अंकों में लिखा गया है।
18. केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड पुन: मूल्यांकन प्रक्रिया के अंतर्गत परीक्षार्थियों के अनुरोध पर निर्धारित शुल्क भुगतान के बाद उन्हें उत्तर पुस्तिकाओं की फोटो कॉपी प्राप्त करने की अनुमति देती है।

# विषय:राजनीति विज्ञान (028) प्रश्न पत्र कोड :59/S/1

| | खंड-क | पृष्ठ | अंक | कुल |
|---|---|---|---|---|
| | **प्रश्न संख्या 1 से 12 तक बहुविकल्पीय प्रकार के 1 अंक के प्रश्न हैं।** | | **12× 1=** | **12** |
| **1.** | **निम्नलिखित में से कौन-सा देश मध्य एशिया में है ?**<br>**(A) ताजिकिस्तान (B) चेचन्या**<br>**(C) यूगोस्लाविया (D) तुर्की** | | 1 | |
| **उत्तर** | (A) ताजिकिस्तान | $\frac{1}{10}$ | 1 | |
| **2.** | **निम्नलिखित को कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए :**<br>**(i) बर्लिन की दीवार का टूटना**<br>**(ii) अफगानिस्तान पर सोवियत आक्रमण**<br>**(iii) भारत-रूस सामरिक समझौता**<br>**(iv) सोवियत संघ का विघटन**<br>**सही विकल्प चुनिए :**<br>**(A) (i), (iii), (ii), (iv) (B) (ii), (i), (iv), (iii)**<br>**(C) (ii), (iii), (i), (iv) (D) (ii), (i), (iii), (iv)** | | 1 | |
| **उत्तर** | (B) (ii), (i), (iv), (iii) | ch.1 | 1 | |
| **3.** | **निम्नलिखित में से कौन एक संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी नहीं है ?**<br>**(A) यूनिसेफ (B) विश्व स्वास्थ्य संगठन**<br>**(C) सुरक्षा परिषद् (D) यूनेस्को** | | 1 | |
| **उत्तर** | (C) सुरक्षा परिषद् | $\frac{4}{50}$ | 1 | |
| **4.** | **निम्नलिखित में से कौन-सा कथन 'विश्व बैंक' के बारे में सत्य नहीं है ?**<br>**(A) इसका गठन 1944 में किया गया था।**<br>**(B) यह मानवीय विकास के लिए काम करता है।**<br>**(C) यह अपने सदस्य देशों को ऋण और अनुदान देता है।**<br>**(D) यह समाजवादी अर्थव्यवस्थाओं को प्रोत्साहित करता है।** | | 1 | |
| **उत्तर** | (D) यह समाजवादी अर्थव्यवस्थाओं को प्रोत्साहित करता है। | $\frac{4}{53}$ | 1 | |
| | **प्रश्न संख्या 5 के लिए, दो कथन दिए गए हैं जिनमें एक को अभिकथन (A) तथा दूसरे को कारण (R) द्वारा अंकित किया गया है। इन कथनों को ध्यान से पढ़िए और नीचे दिए गए विकल्पों (A), (B), (C) और (D) में से उत्तर के रूप में सही विकल्प चुनिए ।** | | | |
| **5.** | **अभिकथन (A) : वैश्वीकरण के सांस्कृतिक परिणाम सदैव नकारात्मक होते हैं।**<br>**कारण (R) : कभी-कभी वैश्वीकरण हमारे चयन को बढ़ा देती है, और कभी-कभी हमारी संस्कृति का परिष्कार होता है।**<br>**विकल्प :**<br>**(A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है।**<br>**(B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।** | | 1 | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | **(C) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) ग़लत है।**<br>**(D) अभिकथन (A) ग़लत है, परंतु कारण (R) सही है।** | | | |
| **उत्तर** | (D) अभिकथन (A) ग़लत है, परंतु कारण (R) सही है। | $\frac{7}{107}$ | 1 | |
| **6.** | **निम्नलिखित में से कौन-सा कथन वैश्वीकरण के बारे में सत्य है ?**<br>**(A) वैश्वीकरण को संयुक्त राष्ट्र द्वारा बढ़ावा दिया गया।**<br>**(B) वैश्वीकरण केवल एक आर्थिक परिघटना है।**<br>**(C) वैश्वीकरण अमीर लोगों के विरुद्ध है।**<br>**(D) वैश्वीकरण का कारण उन्नत प्रौद्योगिकी है।** | | 1 | |
| **उत्तर** | (D) वैश्वीकरण का कारण उन्नत प्रौद्योगिकी है। | $\frac{7}{102}$ | 1 | |
| **7.** | **उस राज्य की पहचान कीजिए जिसका गठन 1952 में किया गया।**<br>**(A) गुजरात (B) आन्ध्र प्रदेश**<br>**(C) गोवा (D) उड़ीसा** | | 1 | |
| **उत्तर** | (B) आन्ध्र प्रदेश | $\frac{1}{19}$ | 1 | |
| | **प्रश्न संख्या 8 के लिए, दो कथन दिए गए हैं जिनमें एक को अभिकथन (A) तथा दूसरे को कारण (R) द्वारा अंकित किया गया है। इन कथनों को ध्यान से पढ़िए और नीचे दिए गए विकल्पों (A), (B), (C) और (D) में से उत्तर के रूप में सही विकल्प चुनिए ।** | | | |
| **8.** | **अभिकथन (A) : केन्द्रीय सरकार ने 1953 में राज्यों की सीमाओं के पुनर्निर्धारण के प्रश्न पर विचार करने के लिए राज्य पुनर्गठन आयोग नियुक्त किया।**<br>**कारण (R) : अनेक लोग भाषाई आधार पर राज्यों के गठन के लिए संघर्ष कर रहे थे।**<br>**विकल्प :**<br>**(A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है।**<br>**(B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।**<br>**(C) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) ग़लत है।**<br>**(D) अभिकथन (A) ग़लत है, परंतु कारण (R) सही है।** | | 1 | |
| **उत्तर** | (A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है। | $\frac{1}{21}$ | 1 | |
| **9.** | **निम्नलिखित में से संविधान सभा की प्रारूप समिति का अध्यक्ष कौन था ?**<br>**(A) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद (B) डॉ. भीमराव अम्बेडकर**<br>**(C) पं. जवाहरलाल नेहरू (D) सी. राजगोपालाचारी** | | 1 | |
| **उत्तर** | (B) डॉ. भीमराव अम्बेडकर | $\frac{2}{35}$ | 1 | |
| **10.** | **कॉलम 'A' में दिए गए नेताओं का कॉलम 'B' में दी गई राजनीतिक पार्टियों के साथ सही मिलान कीजिए और उत्तर के रूप में सही विकल्प चुनिए :**<br>**कॉलम 'A' कॉलम 'B'**<br>**(a) दीनदयाल उपाध्याय (i) कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया**<br>**(b) अशोक मेहता (ii) काँग्रेस पार्टी** | | 1 | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | **(c) सरदार पटेल (iii) सोशलिस्ट पार्टी**<br>**(d) ए.के. गोपालन (iv) भारतीय जनसंघ**<br>**विकल्प :**<br>**(A) a-(ii), b-(iii), c-(i), d-(iv)**<br>**(B) a-(iii), b-(ii), c-(iv), d-(i)**<br>**(C) a-(iv), b-(i), c-(iii), d-(ii)**<br>**(D) a-(iv), b-(iii), c-(ii), d-(i)** | | | |
| **उत्तर** | (D) a-(iv), b-(iii), c-(ii), d-(i) | $\frac{2}{34-39}$ | 1 | |
| **11.** | **निम्नलिखित वाक्य को सही विकल्प से पूरा कीजिए :**<br>**प्रथम पंचवर्षीय योजना का पूरा ध्यान किस__________ पर केंद्रित था।**<br>**(A) कृषि (B) प्रौद्योगिकी**<br>**(C) उद्योगों (D) शिक्षा** | | 1 | |
| **उत्तर** | (A) कृषि | $\frac{3}{51}$ | 1 | |
| **12.** | **निम्नलिखित में से कौन-सा कथन 'नीति आयोग' के बारे में सही है ?**<br>**(A) यह एक संवैधानिक निकाय है।**<br>**(B) यह एक अन्तर्राष्ट्रीय संस्था है।**<br>**(C) इसका गठन 1 जनवरी, 2015 को हुआ था।**<br>**(D) इसका गठन शिक्षा नीति बनाने के लिए किया गया था।** | | 1 | |
| **उत्तर** | (C) इसका गठन 1 जनवरी, 2015 को हुआ था। | $\mathbf{\frac{3}{48}}$ | 1 | |
| | **खंड-ख** | | | |
| **13.** | **'आसियान शैली' का अर्थ स्पष्ट कीजिए।** | | | **2** |
| **उत्तर** | आसियान शैली सदस्य देशों के बीच अनौपचारिक, टकरावरहित और सहयोगात्मक मेल- मिलाप /व्यवहार का एक तरीका है । | $\frac{2}{20}$ | | **2** |
| **14.** | **पारम्परिक सुरक्षा के एक अवयव के रूप में 'शक्ति संतुलन' की आवश्यकता का विश्लेषण कीजिए।** | | | **2** |
| **उत्तर** | जब कोई देश अपने आस-पास देखते हैं तो पाते हैं कि कुछ देश उससे अधिक बड़े और ताकतवर हैं। इससे उन्हें इशारा मिल जाता है कि भविष्य में किस देश से उन्हें खतरा हो सकता है । इसी वजह से हर सरकार दूसरे देशों के साथ शक्ति - संतुलन स्थापित करने को लेकर बहुत संवेदनशील रहती है । वह दूसरे देशों के साथ शक्ति-संतुलन को अपने पक्ष में करने के लिए जी-तोड़ कोशिश करती हैं । जिससे वह संभावित खतरे का सामना करने में सक्षम हो सके । | $\frac{5}{66}$ | | **2** |
| **15.** | **वैश्वीकरण के किन्हीं दो आर्थिक परिणामों की व्याख्या कीजिए।** | | | **2** |
| **उत्तर** | वैश्वीकरण के आर्थिक प्रभाव:-<br>(i) विश्व के विभिन्न देशों के बीच पूंजी का अधिक प्रवाह ।<br>(ii) विभिन्न देशों के बीच व्यापार बढ़ा है ।<br>(iii) आयात पर प्रतिबंध कम हुए हैं ।<br>(iv) लोगों के चयन और पसंद का क्षेत्र बढ़ा है ।<br>**कोई अन्य प्रभाव (कोई दो प्रभाव)** | $\frac{7}{104}$ | 2x1 = | **2** |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **16.** | **काँग्रेस को एक सतरंगा सामाजिक गठबंधन क्यों कहा जाता था ? स्पष्ट कीजिए।** | | | 2 |
| **उत्तर** | स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान कांग्रेस पार्टी में विभिन्न समूह एक साथ थे जिनके हित परस्पर विरोधी थे किसान और उनकी उद्योगपति ,शहरी और ग्रामीण, मजदूर व मालिक ,मध्यम ,निम्न और उच्च वर्ग व जाति सभी के लिए कांग्रेस में जगह थी धीरे-धीरे कांग्रेस का नेतृत्व वर्ग भी विकसित हुआ । अब यह उच्च वर्ग या जाति के पेशेवर लोगों तक सीमित नहीं रहा । इसमें अब खेती किसानी की बुनियाद वाले ग्रामीण नेता भी शामिल हुए । इस प्रकार आजादी के समय कांग्रेस एक अतरंगी सामाजिक गठबंधन के रूप में था । | $\frac{2}{36}$ | | 2 |
| **17.** | **भारत के ऐसे किन्हीं दो प्रधानमंत्रियों के नाम लिखिए जिन्हें 1989 के बाद तीन बार प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया।** | | | 2 |
| **उत्तर** | (i) अटल बिहारी वाजपयी<br>(ii) नरेंद्र मोदी | $\frac{8}{143}$ | 1+1 = | 2 |
| **18.** | **1971 के बांग्लादेश युद्ध के किन्हीं दो परिणामों को स्पष्ट कीजिए।** | | | 2 |
| **उत्तर** | 1971 के बांग्लादेश युद्ध के परिणाम:-<br>(i) बांग्लादेश एक स्वतंत्र देश के रूप में अस्तित्व में आया ।<br>(ii) शांति की बहाली को औपचारिक रूप देने के लिए इंदिरा गांधी और जुल्फिकार अली भुट्टो के बीच शिमला समझौते पर हस्ताक्षर किए गए ।<br>(iii) युद्ध की समाप्ति के बाद प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की लोकप्रियता में भारी वृद्धि हुई व कई राज्यों के चुनाव में भारी बहुमत से जीत प्राप्त हुई ।<br>(iv) युद्ध के कारण पंचवर्षीय योजनाएं पटरी से उतर गई ।<br>(v) भारत को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ा ।<br>**कोई अन्य परिणाम (कोई दो परिणाम)** | $\frac{4}{64-65}$ | 2x1 = | 2 |
| | **खंड-ग** | | | |
| **19.**<br>**(क)**<br><br>**(ख)** | **शॉक थेरेपी का अर्थ और उद्देश्य स्पष्ट कीजिए।**<br>**अथवा**<br>**शॉक थेरेपी के किन्हीं चार परिणामों को स्पष्ट कीजिए।** | | | 4<br><br>4 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **उत्तर (क)** | • रूस, मध्य एशिया और पूर्वी यूरोप में सत्तावादी समाजवादी अर्थव्यवस्था के लोकतांत्रिक पूंजीवादी व्यवस्था में संक्रमण को शॉक थेरेपी के रूप में जाना जाता है ।<br>• उद्देश्य:-<br>(i)अर्थव्यवस्था की समाजवादी व्यवस्था को समाप्त करना तथा लोकतांत्रिक पूंजीवादी व्यवस्था को स्थापित करना ।<br>(ii) सोवियत संघ के देशों के बीच मौजूद व्यापार गठबंधन को समाप्त करना ।<br>**कोई अन्य उद्देश्य** | $\frac{1}{8}$ | **2+2 =** | **4** |
| **(ख)** | **अथवा**<br>शॉक थेरेपी के परिणाम:-<br>(i) राज्य- नियंत्रित औद्योगिक ढाँचा चरमरा गया ।<br>(ii) रूस की मुद्रा रुबल के मूल्य में गिरावट आई ।<br>(iii) पुरानी कल्याणकारी व्यवस्था को क्रमबद्ध रूप से नष्ट किया गया ।<br>(iv) बड़े-बड़े उद्योगों को औने-पौने दामों में बेज दिया गया ।<br>**कोई अन्य परिणाम ( कोई चार परिणाम)** | $\frac{1}{9}$ | **4 × 1 =** | **4** |
| **20.** | **शीत युद्ध की समाप्ति के बाद विश्व में आए किन्हीं चार परिवर्तनों का वर्णन कीजिए।** | | | **4** |
| **उत्तर** | शीत युद्ध की समाप्ति के बाद विश्व में आए परिवर्तन:-<br>(i) सोवियत संघ का पतन व विघटन हो गया ।<br>(ii) अमरीका सबसे अधिक शक्तिशाली महाशक्ति बन गया ।<br>(iii) रूस और अमरीका के बीच संबंध अधिक सहयोगात्मक हुए हैं ।<br>(iv) चीन व भारत की अर्थव्यवस्थाएँ तेजी से बढ़ रही है ।<br>(v) एशिया की अन्य अर्थव्यवस्थाओं में भी अभूतपूर्व दर से वृद्धि हो रही है ।<br>(vi) कई नवस्वतंत्र देश संयुक्त राष्ट्र में शामिल हुए ।<br>**कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु (कोई चार परिवर्तन)** | $\frac{4}{52}$ | **4x1 =** | **4** |
| **21.** | **“सुरक्षा की अपारम्परिक धारणा मानव सुरक्षा की धारणा ही है।" दो तर्कों की सहायता से कथन की पुष्टि कीजिए।** | | | **4** |
| उत्तर | (i)सुरक्षा की गैर -पारंपरिक धारणा का तात्पर्य केवल सैन्य आक्रमण से देश की रक्षा करना ही नहीं ,बल्कि सभी मनुष्यों की सामान्य सुरक्षा का ध्यान रखना भी है ।<br>(ii) इसमें प्रदूषण का अंत ,महामारियों में कमी ,गरीबी और बेरोजगारी का उन्मूलन, आतंकवाद से सुरक्षा आदि शामिल हैं। इसलिए सुरक्षा का तात्पर्य मानव सुरक्षा से है।<br>(iii) मानव सुरक्षा के अंतर्गत आर्थिक सुरक्षा, मानव की गरिमा और वैश्विक गरीबी का उन्मूलन भी शामिल है ।<br>**कोई अन्य प्रासंगिक तर्क (कोई दो तर्क )** | $\frac{5}{71}$ | **2x2 =** | **4** |
| **22. (क)** | **'गुट-निरपेक्षता की नीति' की किन्हीं दो विशेषताओं की व्याख्या कीजिए।** | | | **4** |
| **(ख)** | **अथवा**<br>**भारत की परमाणु नीति की व्याख्या कीजिए।** | | | **4** |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **उत्तर (क)**<br><br><br><br><br><br><br><br>**(ख)** | गुटनिरपेक्षता की नीति :-<br>(i)यह एक ऐसी नीति है जो युद्ध की नहीं ,बल्कि शांति की वकालत करती है ।<br>(ii) यह दोनों सैन्य गठबंधनों से समान दूरी बनाए रखने की नीति है ।<br>(iii) यह नीति विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर देशों को अपनी स्वतंत्र राय बनाने में सक्षम बनाती है ।<br>(iv) यह तटस्थता की नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय मुद्दों में सक्रिय भागीदारों की नीति है।<br>**कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु (कोई दो व्याख्या सहित)**<br>अथवा<br><br>भारत की परमाणु नीति :-<br>(i) भारत परमाणु ऊर्जा को शांतिपूर्ण उदेश्यों के लिए प्रयोग करने का पक्षधर है ।<br>(ii) भारत परमाणु हथियारों के विरुद्ध था ।<br>(iii) भारत ने NPT तथा CTBT जैसी दो महत्वपूर्ण संधियों पर हस्ताक्षर नहीं किए क्योंकि यह इन दोनों संधियों को भेदभावपूर्ण मानता है ।<br>(iv) पूर्व में 'पहले प्रयोग न करने' की नीति थी परंतु अब इसे बदल दिया गया है ।<br>(v) भारत ने आत्मरक्षा के लिए परमाणु हथियारों को अपनाया क्योंकि पड़ोसी देशों पाकिस्तान और चीन के पास यह हथियार हैं ।<br>**कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु (कोई दो व्याख्या सहित)** | $\frac{4}{57}$<br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br>$\frac{4}{68}$ | **2 × 2 =**<br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br>**2 × 2 =** | **4**<br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br>**4** |
| 23 | **1970 के दशक के प्रारंभ में इंदिरा गाँधी की लोकप्रियता के किन्हीं चार कारणों का वर्णन कीजिए।** | | | **4** |
| **उत्तर** | इंदिरा गांधी की लोकप्रियता के कारण:-<br>(i) 'गरीबी हटाओ' का लोकप्रिय नारा दिया ।<br>(ii) बैंकों का राष्ट्रीयकरण और गरीबों को सस्ती दर पर ऋण देने जैसे कदम उठाए।<br>(iii) इंदिरा गांधी ने कांग्रेस सिंडिकेट के विरोध का डटकर सामना किया ।<br>(iv) गरीबी हटाने और कम करने के लिए कई कदम उठाए जैसे 10 सूत्री कार्यक्रम, प्रिवी पर्स की समाप्ति, ग्रामीण भूमि का परिसीमन आदि ।<br>(v)1971 में बांग्लादेश युद्ध में विजय ।<br>(vi) राष्ट्रपति चुनाव में वी वी गिरि की विजय ने लोकप्रियता में अतिरिक्त वृद्धि की ।<br>**कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु (कोई चार बिंदु)** | $\frac{5}{81\text{–}84}$ | **4 × 1 =** | **4** |
| | **खंड- घ** | | | |
| **24.** | **निम्नलिखित अवतरण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :**<br>**"जयप्रकाश नारायण की अगुवाई में विपक्षी राजनीतिक दलों ने इंदिरा गाँधी के इस्तीफे के लिए दबाव डाला और इन दलों ने 25 जून 1975 को दिल्ली के रामलीला मैदान में एक विशाल प्रदर्शन किया । जयप्रकाश ने इंदिरा गाँधी के इस्तीफे की माँग करते हुए राष्ट्रव्यापी सत्याग्रह की घोषणा की और सेना, पुलिस और सरकारी कर्मचारियों का आह्वान किया कि वे सरकार के "अनैतिक और अवैधानिक आदेशों" का पालन न करें।"**<br><br>**(i) 25 जून 1975 को जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में रामलीला मैदान के प्रदर्शन में निम्नलिखित में से कौन-सी पार्टी सम्मिलित नहीं हुई थी ?** | | **4×1 =** | **4** |

<table>
<tr>
<td></td>
<td>
(A) भारतीय जनसंघ<br>
(B) भारतीय लोकदल<br>
(C) सोशलिस्ट पार्टी<br>
(D) भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस<br>
<br>
(ii) पार्टियाँ इंदिरा गाँधी का त्यागपत्र क्यों माँग रही थीं ?<br>
(A) इंदिरा गाँधी ने अपनी कैबिनेट बदल दी थी।<br>
(B) इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने इंदिरा गाँधी के लोक सभा चुनाव को अवैध घोषित कर दिया था।<br>
(C) इंदिरा गाँधी का मोरारजी देसाई से संघर्ष चल रहा था।<br>
(D) इंदिरा गाँधी लोक सभा में बहुमत खो चुकी थीं।<br>
<br>
(iii) 26 जून 1975 को क्या घटित हुआ था ?<br>
(A) आन्तरिक आपातकाल घोषित किया गया था।<br>
(B) लोक सभा भंग कर दी गई थी।<br>
(C) इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों को स्थानांतरित कर दिया गया था।<br>
(D) भारत के गृहमंत्री ने त्यागपत्र दिया था।<br>
<br>
(iv)1975 में लोगों का मिजाज़ (मूड) काँग्रेस पार्टी के विरुद्ध क्यों हो गया था ?<br>
(A) काँग्रेस समय से पूर्व चुनाव की तैयारी कर रही थी।<br>
(B) काँग्रेस आतंकवाद पर नियंत्रण नहीं कर पाई थी।<br>
(C) इलाहाबाद उच्च न्यायालय के निर्णय के बाद इंदिरा गाँधी ने त्यागपत्र नहीं दिया।<br>
(D) काँग्रेस सिंडिकेट मजबूत हो चुका था।
</td>
<td></td>
<td></td>
<td></td>
</tr>
<tr>
<td>उत्तर</td>
<td>
(i) (D) भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस<br>
(ii) (B) इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने इंदिरा गाँधी के लोक सभा चुनाव को अवैध घोषित कर दिया था।<br>
(iii) (A) आन्तरिक आपातकाल घोषित किया गया था।<br>
(iv) (C) इलाहाबाद उच्च न्यायालय के निर्णय के बाद इंदिरा गाँधी ने त्यागपत्र नहीं दिया।
</td>
<td>$\frac{6}{97}$</td>
<td></td>
<td>4</td>
</tr>
<tr>
<td>25.</td>
<td>
<table>
<tr><th>प्रयोग की गई जानकारी की क्रम संख्या</th><th>संबंधित अक्षर</th><th>राज्य का नाम</th></tr>
<tr><td>(i)</td><td></td><td></td></tr>
<tr><td>(ii)</td><td></td><td></td></tr>
<tr><td>(iii)</td><td></td><td></td></tr>
<tr><td>(iv)</td><td></td><td></td></tr>
</table>
<br>
भारत के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र में, चार राज्यों को (A), (B), (C) तथा (D) द्वारा दर्शाया गया है। नीचे दी गई जानकारी के आधार पर इन राज्यों की पहचान कीजिए और अपनी उत्तर-पुस्तिका में इनके सही नाम, प्रयोग की गई जानकारी की क्रम संख्या तथा मानचित्र में दिए गए संबंधित अक्षर को नीचे दी गई तालिका के रूप में लिखिए :
</td>
<td></td>
<td></td>
<td>4</td>
</tr>
</table>

<table>
<tr><td></td><td>(i) वह राज्य जिसे विभाजन के समय बाँटा गया और एक भाग भारत के पास रह गया था।<br>(ii) वह राज्य जिसे असम से काटकर बनाया गया था।<br>(iii) वह राज्य जो सरदार पटेल से संबंध रखता है।<br>(iv) वह राज्य जो 1966 में निर्मित किया गया।<br></td><td></td><td></td><td></td></tr>
<tr><td></td><td><table><tr><td>प्रयोग की गई जानकारी की क्रम संख्या</td><td>संबंधित अक्षर</td><td>राज्य का नाम</td></tr><tr><td>(i)</td><td>C</td><td>पंजाब</td></tr><tr><td>(ii)</td><td>D</td><td>त्रिपुरा</td></tr><tr><td>(iii)</td><td>A</td><td>गुजरात</td></tr><tr><td>(iv)</td><td>B</td><td>हिमाचल प्रदेश</td></tr></table></td><td>Ch-1</td><td>4x1 =</td><td>4</td></tr>
<tr><td></td><td>नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 25 के स्थान पर हैं :<br>(25.1) 1972 में असम से काटकर अलग बनाए गए राज्य का नाम लिखिए।<br>(25.2) भारत के प्रथम उप-प्रधान मंत्री का नाम लिखिए।<br>(25.3) स्वतंत्रता से ठीक पहले भारत में कुल कितने रजवाड़े थे ?<br>(25.4) उस नेता का नाम लिखिए जिसने अलग राज्य 'आंध्र' की माँग को लेकर आमरण अनशन किया था।</td><td></td><td></td><td>4</td></tr>
<tr><td>उत्तर</td><td>दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए:-<br>(25.1) मेघालय<br>(25.2) सरदार पटेल<br>(25.3) 565<br>(25.4) पोट्टी श्रीरामुलु</td><td>ch.-1</td><td>4x1 =</td><td>4</td></tr>
<tr><td>26.</td><td>नीचे दिए गए कार्टून का अध्ययन कीजिए और इस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : नोट : निम्नलिखित कार्टून चीन से संबंधित है।<br><br><br>(i) कार्टून में दिखाई गई लाल किताब में क्या दर्ज था ?<br>(ii) कार्टून में दिखाए गए माओ कौन थे ?<br>(iii) चीन में 'तब' से 'अब' तक आपको कौन-से दो परिवर्तन दिखाई देते हैं?</td><td></td><td>1<br>1<br>2</td><td>4</td></tr>
</table>

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **उत्तर** | (i) माओ द्वारा परिकल्पित चीन की कम्युनिस्ट पार्टी की विचारधारा ।<br>(ii) माओ कम्युनिस्ट क्रांति के नेता और पार्टी के प्रमुख थे ।<br>(iii)●आर्थिक नीति में बदलाव आया और आवश्यकतानुसार पूंजीवाद को स्वीकार किया गया ।<br>● प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के लिए खुले द्वार की नीति अपनाई गई । | $\frac{2}{24}$ | **1+ 1 = 2** | **4** |
| | **नोट :निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 26 के स्थान पर हैं :**<br>**(26.1) चीनी जनवादी गणराज्य (People's Republic of China) की स्थापना किस वर्ष में हुई थी ?**<br>**(26.2) चीन में कम्युनिस्ट क्रांति का नेतृत्व करने वाले नेता का नाम लिखिए।**<br>**(26.3) चीन के उस प्रधानमंत्री का नाम लिखिए जिसने आधुनिकीकरण के चार प्रस्ताव रखे।**<br>**(26.4) चीन में किस वर्ष कृषि का निजीकरण हुआ था ?** | | | **4** |
| **उत्तर** | दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए:-<br>(26.1)1949<br>(26.2) माओ<br>(26.3) प्रधानमंत्री चाऊ एनलाई<br>(26.4)1982 | | | 4 |
| | **खंड- ङ** | | | |
| **27.**<br>**(क)**<br><br>**(ख)** | **भारत और पाकिस्तान के बीच विवाद के किन्हीं तीन मुद्दों का वर्णन कीजिए।**<br>**अथवा**<br>**श्रीलंका में जातीय संघर्ष की किन्हीं तीन विशेषताओं का वर्णन कीजिए।** | | | **6**<br><br>**6** |
| **उत्तर**<br>**(क)**<br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br>**(ख)** | संघर्ष के मुद्दे :<br>(i) कश्मीर मुद्दा ।<br>(ii) सियाचिन ग्लेशियर पर नियंत्रण का मुद्दा ।<br>(iii) जम्मू और कश्मीर में पाकिस्तान द्वारा समर्थित आतंकवादी गतिविधियाँ।<br>(iv) नदियों के पानी का बंटवारा।<br>(v) कच्छ के रण में सर क्रीक में सीमांकन रेखा को लेकर असहमति।<br>**कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु (किन्हीं तीन बिंदुओं का वर्णन करें)**<br>या<br><br>श्रीलंका में जातीय संघर्ष की विशेषताएँ<br>(i) श्रीलंका की राजनीति में बहुसंख्यक सिंहली समुदाय का प्रभुत्व है।<br>(ii) श्रीलंका में भारतीय तमिलों की उपेक्षा ने उग्र तमिल राष्ट्रवाद को जन्म दिया।<br>(iii) लिट्टे संगठन का श्रीलंका की सेना के खिलाफ लड़ना।<br>(iv) श्रीलंका के तमिलों ने एक अलग ईलम की मांग की।<br>(v) भारत द्वारा भेजी गई शांति सेना को श्रीलंकाइयों द्वारा ज्यादा पसंद नहीं किया गया।<br>(vi) श्रीलंका की राजनीति पर बहुसंख्यक सिंहली समुदाय के हितों की नुमाईंदगी करने वालो का दबदबा रहा | $\frac{3}{38}$<br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br>$\frac{3}{37}$ | $3 \times 2 =$<br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br>$3 \times 2 =$ | **6**<br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br>**6** |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | **कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु (किन्हीं तीन बिंदुओं का वर्णन करें)** | | | |
| **28.**<br>**(क)**<br><br><br>**(ख)** | **पर्यावरण के प्रति एक सरोकार के रूप में "साझी परंतु अलग-अलग ज़िम्मेदारियाँ" के सिद्धांत की व्याख्या कीजिए।**<br>**अथवा**<br>**पर्यावरण को निम्नीकरण से बचाने के लिए किए गए किन्हीं तीन अन्तर्राष्ट्रीय पर्यावरण आंदोलनों की व्याख्या कीजिए।** | | | **6**<br><br>**6** |
| **उत्तर**<br>**(क)** | • यह सिद्धांत 1992 में 'पृथ्वी सम्मेलन' के दौरान उभरा था उत्तर और दक्षिण के देशों के बीच पर्यावरण के प्रति दृष्टिकोण में अंतर है। उत्तर के विकसित देश चाहते हैं थे कि पारिस्थितिक संरक्षण के लिए सभी देश समान रूप से जिम्मेदार हों।<br>• लेकिन दक्षिण के विकासशील देशों का मानना था कि विश्व में पारिस्थितिकीय गिरावट विकसित देशों द्वारा किए गए औद्योगिक विकास का परिणाम है। इसलिए-<br>(i) विकसित देशों को पर्यावरण की क्षति के लिए जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए और उन्हें इसके लिए भुगतान करना चाहिए।<br>(ii) विकासशील देशों पर रोक नहीं लगाई जानी चाहिए क्योंकि औद्योगिकीकरण अभी उनकी आवश्यकता है।<br>• वैश्विक पर्यावरण में गिरावट को देखते हुए यह सहमति बनी कि राज्यों की "साझी परंतु अलग-अलग ज़िम्मेदारियाँ के सिद्धांत का पालन होना चाहिए ।<br>• विकसित देश अपनी जिम्मेदारी को स्वीकार करें और विकासशील देशों को सेवाएँ और प्रौद्योगिकी प्रदान करें ।<br>**कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु** | $\frac{6}{87}$ | **3 ×**<br>**2 =** | **6** |
| **(ख)** | **अथवा**<br>**तीन अन्तर्राष्ट्रीय पर्यावरण आंदोलन** -<br>(i) दक्षिण के वन आंदोलन: मेक्सिको, चिली, ब्राजील, मलेशिया, इंडोनेशिया तथा महाद्वीपीय अफ्रीका और भारत में वन आंदोलन चले जो वनों की कटाई के खिलाफ हैं।<br>(ii) खनिज उद्योगों के कारण जंगलों की सफाई, पृथ्वी से खनिजों के निष्कर्षण, रसायनों का उपयोग, जलमार्गों और भू- मार्गो का उपयोग, प्रदूषण बढ़ाने में मुख्य कारण है । फिलीपींस के एक समूह ने वेस्टर्न माइनिंग कॉरपोरेशन के खिलाफ अभियान चलाया। यह आन्दोलन खनन के विरुद्ध था।<br>(iii) कुछ आंदोलन बड़े बांधों के खिलाफ संघर्ष कर रहे हैं जो बड़ी नदी घाटियों के टिकाऊ और न्याय संगत प्रबंधन की बात उठाते हैं । फ्रेंकलिन नदी और उसके आस-पास के जंगलों को बचाने का अभियान एक बड़ा आन्दोलन था। भारत में नर्मदा बचाओ आंदोलन इसका ही एक उदाहरण है।<br>**कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु** | $\frac{6}{93}$ | **3 ×**<br>**2 =** | **6** |
| **29.**<br>**(क)** | | | | **6** |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (ख) | **असम में बाहरी लोगों के विरुद्ध हुए आंदोलन के किन्हीं तीन कारणों का विश्लेषण कीजिए।**<br>**अथवा**<br>**स्वतंत्रता के तुरंत बाद तनाव के किन्हीं तीन मुद्दों का विश्लेषण कीजिए जिन्होंने भारत की एकता और अखण्डता के लिए खतरा उत्पन्न किया।** | | | **6** |
| **उत्तर (क)** | असम में बाहरी लोगों के **विरुद्ध** आंदोलन के कारण –<br>(i) असम के स्थानीय लोगों को डर था कि बाहरी लोगों के आने से वे अल्पसंख्यक हो सकते हैं ।<br>(ii) प्राकृतिक संसाधनों जैसे तेल, चाय और कोयला जैसी वस्तुओं के बाहर भेजे जाने से स्थानीय लोगों को कोई विशेष लाभ नहीं हुआ ।<br>(iii) असम में बाहरी लोगों के आने से स्थानीय लोगों की गरीबी बड़े पैमाने पर बढ़ी।<br>(iv) स्थानीय लोगों ने इसे अपनी संस्कृति और त्योहारों के लिए एक खतरे के रूप में देखा । इसलिए – यह आंदोलन बिना किसी राजनीतिक समर्थन के सभी लोगों द्वारा समर्थित था।<br>(v) 1979-1985 का असम आंदोलन बाहरी लोगों के खिलाफ अपने हितों के लिए किया गया आंदोलन था।<br>**(विश्लेषण के लिए कोई तीन चुनें)** | $\frac{7}{129}$ | **3 × 2 =** | **6** |
| **(ख)** | या<br>(i) देश का विभाजन , लोगों का विस्थापन और देसी रियासतों का भारत में विलय।<br>(ii) जम्मू और कश्मीर का मुद्दा।<br>(iii) मेघालय और नागालैंड में अलगाववादी आंदोलन।<br>(iv) नए राज्यों के पुनर्गठन की समस्या।<br>**(विश्लेषण के लिए कोई तीन चुनें)** | $\frac{7}{114}$ | **3 × 2 =** | **6** |
| **30. (क)**<br><br>**(ख)** | **ऐसे किन्हीं तीन महत्त्वपूर्ण मुद्दों की व्याख्या कीजिए जिन पर भारत में अधिकांश राजनीतिक दलों के बीच एक व्यापक सहमति बन चुकी है।**<br>**अथवा**<br>**भारतीय राजनीति में एक महत्त्वपूर्ण शक्ति के रूप में भारतीय जनता पार्टी के उभरने की प्रक्रिया को स्पष्ट कीजिए।** | | | **6**<br><br>**6** |
| **उत्तर (क)** | (i) नई आर्थिक नीतियों पर सहमति।<br>(ii) पिछड़ी जातियों और (ओ बी सी) वर्गों के राजनीतिक और सामाजिक दावों को स्वीकृति।<br>(iii) राष्ट्रीय राजनीति में प्रांतीय दलों की भूमिका पर सहमति।<br>(iv) विचारधारा की प्रमुखता की जगह कार्यसिद्धि पर जोर ।<br>(v) भारत की विदेश नीति पर सहमति।<br><br>या | $\frac{8}{154\text{-}55}$ | **3 × 2 =** | **6** |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **(ख)** | • जनता पार्टी के पतन और उसके टूटने के बाद, भारतीय जन संघ के नेताओं ने 1980 में भारतीय जनता पार्टी (भा.ज.पा.) का गठन किया।<br><br>• प्रारंभ में, भाजपा ने एक विस्तृत राजनीतिक सोच और गांधीवादी समाजवाद को अपनी विचारधारा के रूप में अपनाया, लेकिन 1980 और 1984 के चुनावों में ज्यादा सफलता प्राप्त नहीं कर सकी।<br><br>• 1986 के बाद, पार्टी ने अपनी विचारधारा में हिंदू राष्ट्रवाद के तत्व पर जोर देना शुरू किया और 'हिंदुत्व' की राजनीति और हिंदुओं को संगठित करने की रणनीति अपनाई।<br><br>• 1986 के आसपास  की घटनाओं  जैसे 1985 का शाहबानो केस और फरवरी1986 में फैजाबाद की जिला अदालत के आदेश  ने भाजपा को एक  'हिन्दूवादी पार्टी' के रूप में पहचान दी  ।<br><br>• भाजपा  ने सोमनाथ से अयोध्या तक एक विशाल रथ यात्रा निकाली<br><br>• भाजपा ने 1991 और 1996 के चुनावों में अपनी स्थिति को मजबूत किया , 1996 में भाजपा सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी और उसे सरकार बनाने के लिए आमंत्रित किया गया।<br><br>• इन सभी आंदोलनों के कारण लोगों का मूड भाजपा के पक्ष में बदल गयाऔर भाजपा 1998 और 1999 में सत्ता में आई। यूपीए सरकारों के दो कार्यकालों के बाद, भाजपा ने 2014 और 2019 में चुनाव जीते और 2024 में तीसरी बार सत्ता में आई। | $\frac{8}{148}$ | **3 × 2 =** | **6** |